सत्यमेव जयते

सिविल सेवा दिवस - 2017

Civil Services Day - 2017

लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार

Prime Minister's Awards for Excellence in Public Administration

Making NEW INDIA

Department of Administrative Reforms & Public Grievances
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Government of india

सिविल सेवा दिवस - 2017

लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार

Civil Services Day - 2017

Prime Minister's Awards for Excellence in Public Administration

विषय-सूची

प्राथमिकता कार्यक्रमों में पुरस्कार			पृ.सं.
1	प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना		1
	समूह	जिला/कार्यान्वयन एकक	
(क)	पूर्वोत्तर और पर्वतीय राज्य	सियाहा (मिज़ोरम)	3
(ख)	अन्य राज्य	बनासकांठा (गुजरात)	5
2	दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना		7
(क)	पूर्वोत्तर और पर्वतीय राज्य	शिवसागर, (असम)	8
(ख)	अन्य राज्य	नालन्दा (बिहार)	10
3	प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना		13
(क)	पूर्वोत्तर और पर्वतीय राज्य	गोमती (त्रिपुरा)	14
(ख)	अन्य राज्य	जालना (महाराष्ट्र)	16
4	स्टैण्ड अप इण्डिया/स्टार्ट अप इण्डिया		18
(क)	संघ राज्य क्षेत्र	उत्तर व मध्य अण्डमान, अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह (स्टैण्ड अप इण्डिया)	19
(ख)	अन्य राज्य	गुजरात (स्टार्ट अप इण्डिया)	21
5	ई-राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (ई-एनएएम)		23
(क)	पूर्वोत्तर और पर्वतीय राज्य	मण्डीः सोलन, जिला–सोलन (हिमाचल प्रदेश)	24
(ख)	अन्य राज्य	मण्डीः निज़ामाबाद, जिला–निज़ामाबाद (तेलंगाना)	26
6	नवाचार में पुरस्कार		28
क्र.सं.	पहल का नाम	संगठन	
(क)	नकदी रहित गांव पलनार	जिला प्रशासन, दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़	29
(ख)	सौर ऊर्जा लैंप परियोजना (एसओयूएल)	जिला प्रशासन, डूंगरपुर, राजस्थान	31

Contents

Awards in the Priority Programmes			Page No.
1	**Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana**		**1**
	Group	**District / Implementing Unit**	
(a)	NE & Hill States	Siaha (Mizoram)	3
(b)	Other States	Banaskantha (Gujarat)	5
2	**Deen Dayal Upadhayay Gram Jyoti Yojana**		**7**
(a)	NE & Hill States	Sivasagar (Assam)	8
(b)	Other States	Nalanda (Bihar)	10
3	**Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana**		**13**
(a)	NE & Hill States	Gomati (Tripura)	14
(b)	Other States	Jalna (Maharashtra)	16
4	**Stand Up India/Start Up India**		**18**
(a)	Union Territories	North & Middle Andaman, Andaman & Nicobar Islands (Stand Up India)	19
(b)	Other States	Gujarat (Start Up India)	21
5	**e-National Agriculture Market (e-NAM)**		**23**
(a)	NE & Hill States	Mandi: Solan, Dist. Solan (Himachal Pradesh)	24
(b)	Other States	Mandi: Nizamabad, Dist. Nizamabad (Telangana)	26
6	**Awards in Innovation**		**28**
Sl. No.	**Name of the Initiative**	**Organization**	
1.	Cashless Village Palnar	District Administration Dantewada, Chattisgarh	29
2.	Solar Urja Lamps Project (SoUL)	District Administration, Dungarpur, Rajasthan	31

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

Pradhan Mantri Krishi SinchayeeYojana

स्कीम का सार - पीएमकेएसवाई

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) में देश के किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्नत कृषि उत्पादन तथा संसाधनों के बेहतर उपयोग की परिकल्पना की गई है।

पीएमकेएसवाई के व्यापक उद्देश्य हैं:

- खेत स्तर पर सिंचाई में निवेशों का सम्मिलन करना (जिला स्तर की तैयारी तथा यदि अपेक्षित हो तो उप जिला स्तरीय जल उपयोग योजनाएँ)
- खेत पर पानी की वास्तविक पहुँच बढ़ाना तथा आश्वासित सिंचाई (हर खेत को पानी) के अन्तर्गत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार
- उपयुक्त प्रौद्योगिकियों तथा पद्धतियों के माध्यम से पानी के बेहतर उपयोग के लिए जल–स्रोत से सिंचाई, वितरण और उसका कुशल उपयोग
- पानी की बर्बादी कम करने के लिए खेत पर पानी के कुशल उपयोग करने में सुधार और समय व सीमा – दोनों में उपलब्धता में वृद्धि
- परिशुद्धता अपनाना – सिंचाई व अन्य जल बचत प्रौद्योगिकियों (हर बूँद में अधिक फसल) में वृद्धि
- जल भरावों का रिचार्ज बढ़ाना तथा धारणीय जल संरक्षण पद्धतियाँ आरम्भ करना
- मिट्टी व जल–संरक्षण, भू–जल में सुधार, पानी के बहाव को रोकने, आजीविका विकल्प उपलब्ध कराने तथा अन्य एनआरएम कार्य–कलापों की दिशा में वॉटरशेड दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए वर्षा सिंचित क्षेत्रों में समेकित विकास का सुनिश्चय
- जल–संग्रहण, जल–प्रबन्धन, किसानों की फसल से सुयोजन तथा जमीनी स्तर के क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं से सम्बन्धित कार्य–कलापों का संवर्धन
- पेरिअर्बन कृषि के लिए अषोधित नगरीय अपशिष्ट पानी के पुनः उपयोग की व्यवहार्यता का पता लगाना
- सिंचाई में वृहत्तर निजी निवेशकों को आकर्षित करना

इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्यों को जिला सिंचाई योजना (डीआईपी) तथा राज्य सिंचाई योजना से 'विकेन्द्रीकृत राज्य स्तरीय आयोजना और निष्पादन' की संरचना करना है। डीआईपी में ब्लॉक व जिला दो स्तरों पर तैयार किए जाने वाले तीन घटकों नामतः जल–स्रोत, वितरण नेटवर्क तथा जिले के जल–प्रयोग अनुप्रयोग को एकीकृत करते हुए जिले के मध्यम से दीर्घावधि तक की विकासात्मक योजनाओं की समग्र विकास का परिप्रेक्ष्य होगा।

Brief of the Scheme - PMKSY

Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana (PMKSY) envisions improved agriculture production and better utilization of resources to enhance income of farmers in the country.

The broad objectives of PMKSY are:

- Achieve convergence of investments in irrigation at the field level (preparation of district level and, if required, sub district level water use plans)
- Enhance the physical access of water on the farm and expand cultivable area under assured irrigation (Har Khet Ko Pani)
- Integration of water source, distribution and its efficient use, to make best use of water through appropriate technologies and practices
- Improve on-farm water use efficiency to reduce wastage and increase availability both in duration and extent
- Enhance the adoption of precision – irrigation and other water saving technologies (More crop per drop)
- Enhance recharge of aquifers and introduce sustainable water conservation practices.
- Ensure the integrated development of rain-fed areas using the watershed approach towards soil and water conservation, regeneration of ground water, arresting run off, providing livelihood options and other NRM activities
- Promote extension activities relating to water harvesting, water management and crop alignment for farmers and grass root level field functionaries
- Explore the feasibility of reusing treated municipal waste water for periurban agriculture
- Attract greater private investments in irrigation

The Programme aims at a 'decentralized State level planning and execution' structure, in order to allow States to draw up a District Irrigation Plan (DIP) and a State Irrigation Plan (SIP). DIP will have holistic developmental perspective of the district outlining medium to long term developmental plans integrating three components namely, water sources, distribution network and water use application of the district to be prepared at two levels – the block and the district.

पुरस्कृत जिला - सियाहा, मिज़ोरम

समूह–1 (पूर्वोत्तर और पर्वतीय राज्य)

पृष्ठभूमि

सियाहा जिला पूर्वोत्तर राज्य मिज़ोरम में स्थित है। यह मिज़ोरम की तीन स्वायत्त जिला परिषदों में से एक मारा स्वायत्त जिला परिषद का मुख्यालय है।

अपनाया गया दृष्टिकोण

किसानों को सिंचाई सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए 'सिंचाई योजना' पर एक विस्तृत दस्तावेज़ तैयार किया गया है। इस 'सिंचाई योजना' में डिस्ट्रिक्ट वॉटर प्रोफाइल, जल उपलब्धता, जल की आवश्यकता तथा सिंचाई की कार्यनीतिक कार्रवाई योजना सम्मिलित है। जिले के कुल 1.99 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का 0.86 लाख हेक्टेयर सम्भावित बागवानी क्षेत्र है।

जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के कार्यान्वयन के भाग के रूप में निम्नलिखित पहल शुरू की गई हैं :

- 75 वैयक्तिगत जलाशय, 2 रोक बांध, 2 जल भण्डार, 1 हल्दी पैक हाऊस, स्ट्रॉबेरी टैरेस, वर्षा जल संग्रहण संरचना आदि स्थापित किए गए
- सौर जल पम्पिंग प्रणाली लगाई गई, ग्रेविटेशनल पाइप लाइनें स्थापित की गईं और पर्कोलेशन टैंक निर्मित किए गए

Awarded District - Siaha, Mizoram

Group-1 (North East & Hill States)

Background

Siaha district is situated in the north-eastern state of Mizoram. It is the Headquarters of the Mara Autonomous District Council, one of the three autonomous district councils within Mizoram.

Approach Adopted

A detailed document on "Irrigation Plan" to provide irrigation facilities to the farmers has been prepared. The "Irrigation Plan" includes district water profile, water availability, water requirement and strategic action plan for irrigation. The potential horticulture area is 0.86 lakh hectares of the total area of 1.99 lakh hectares in the district.

As part of the implementation of Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana in the district, the following initiatives have been undertaken:

- 75 individual water tanks, 2 check dams, 2 water reservoir, a turmeric pack house, strawberry terrace, rainwater harvesting structure, etc. were set up.
- Solar water pumping system has been installed, gravitational pipelines were set up and percolation tank was constructed.

- कण्टूर ट्रेंचिंग भी निर्मित कराए गए क्योंकि मिट्टी के कटाव के नियंत्रण की यह एक महत्वपूर्ण तकनीक है
- हल्दी के लिए एक प्रसंस्करण संयंत्र बनाया गया जिसमें सुखाने का अहाता, टुकड़े करने की मशीन, पुल्वेराइज़र, ग्राइण्डर और पैकिंग मशीन है
- पौध और उर्वरक आदि उपलब्ध कराने के लिए सहायता दी गई। ग्रीन हाऊस निर्माण, ड्रिप सिंचाई की पाइप लाइनों के निर्माण, पलवार आवरण और जलाशयों की खुदाई की दिशा में प्रयास शुरू किए हैं

अन्य स्कीमों के साथ सम्मिलन

- यह स्कीम एमजीएनआरईजीएस, सीमा क्षेत्र विकास कोष (बीएडीएफ) तथा पिछड़ा क्षेत्र अनुदान कोष (बीआरजीएफ) जैसी अन्य मौजूदा स्कीमों के सम्मिलन से कार्यान्वित की जा रही है

जागरुकता बढ़ाना

स्व–सहायता समूहों (एसएचजी) तथा लाभार्थियों के लिए तिमाही में एक बार जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। वॉटरशेड समिति के सदस्यों और वॉटरशेड विकास दल के लिए वॉटरशेड संरक्षण में उनके तकनीकी कौशल को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों को इस पहल के अच्छे कार्यान्वयन के लिए पुरस्कृत किया जाता है।

स्व–सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं के लिए हल्दी के प्रसंस्करण का प्रशिक्षण सुकर बनाया गया। किसानों के लिए भी टपका सिंचाई विधि व सिंचाई के साथ खाद के प्रयोग (फ़र्टिगेशन) का प्रशिक्षण सुकर बनाया गया।

प्रभाव

इस परियोजना के मुख्य परिणामों का विशेष उल्लेख इस प्रकार है –

- 28 हेक्टेयर से सूक्ष्म–सिंचाई के अन्तर्गत कवरेज में वृद्धि के साथ सिंचाई की संभाव्यता 7,400 हेक्टयर तक बढ़ी
- जिले में 124 जल–संचय संरचनाएँ निर्मित की गईं
- टिसोपी में हल्दी की पैदावार और प्रसंस्करण से हल्दी को खेतों से खुदरा बाज़ार तक लाने में मदद मिली
- सियाता और नियोताला गांवों में स्ट्रॉबेरी की उपज होना वाणिज्यिक सफलता है
- लाभार्थियों के लिए मत्स्य जलाशयों के निर्माण से इस स्कीम में मत्स्य पालन को प्रोत्साहित किया गया जिससे बाज़ार में मछली की पर्याप्त आपूर्ति हुई है

- Contour trenching was also constructed as it is one of the most important techniques to control soil erosion.
- A processing plant for turmeric has been created which has drying yard, slicer machine, pulveriser, grinder and packing machine.

Implementation

- Support in terms of providing saplings, fertilizers, etc. has been provided. Efforts have been undertaken towards greenhouse construction, construction of drip irrigation pipelines, use of mulch films, digging of water ponds.

Convergence with other Schemes

- The scheme is being implemented in convergence with other existing schemes like MGNREGS, Border Area Development Fund (BADF) and Backward Region Grant Fund (BRGF).

Awareness Generation

Awareness programmes have been conducted once a quarter for Self Help Groups (SHGs) and beneficiaries. Training programmes have been conducted for Watershed committee members and Watershed development team to upgrade their technical skills for watershed conservation. During the training programme, farmers are awarded for good implementation of the initiative.

Training on processing of turmeric was facilitated for women of SHGs. Also, training on drip irrigation and fertigation was facilitated for farmers.

Impact

The key outcomes of the initiative are highlighted below:

- Irrigation potential increased by 7,400 Ha, with increase in coverage under micro-irrigation by 28 Ha.
- 124 water harvesting structures were created in the district
- Turmeric cultivation and processing at Tisopi has helped in taking turmeric from field to retail market
- In Siata and Neotala villages strawberry cultivation is a commercial success
- Pisciculture promoted under the scheme by building fish ponds for beneficiaries has led to adequate fish supply in market

पुरस्कृत जिला - बनासकांठा, गुजरात

समूह–3 (अन्य राज्य)

पृष्ठभूमि

बनासकांठा जिले की जलवायु अधिकतर उपोष्णीय कटिबन्धीय प्रकार की रहती है। इस उत्तरी गुजरात के जिले में दो बड़ी नदियाँ – बनास और सरस्वती हैं। इस क्षेत्र में सिपु, बलराम, अर्जुनी और उमरदाशी बड़ी सहायक नदियाँ हैं। जिले में 2 बड़े बांध – दांतीवाड़ा व सिपु तथा 1 मध्यम (मुक्तेश्वर) और 41 छोटे बांध हैं।

अपनाया गया दृष्टिकोण

जिले ने जल संरक्षण के लिए सभी कार्यक्रमों/कार्य–कलापों का सम्मिलन सुनिश्चित करने के लिए कृषि आकस्मिकता योजना व व्यापक जिला सिंचाई योजना (डीआईपी) तैयार की है। घरेलू प्रयोग, फसल, सिंचाई, पशुधन और औद्योगिक प्रयोजन के लिए जल की आवश्यकता की गणना पृथक रूप से की गई है। जिले की सिंचाई की विस्तृत वर्ष–वार कार्यनीतिक योजना विभाग–वार तैयार की गई और निधि निश्चित की गई है।

जल क्षति कम करने के लिए वर्षा के मौसम से इतर दिनों में पुरानी नहरों का नवीकरण, पुनरुद्धार और मरम्मत (आरआरआर) किया गया। किसानों और प्रयोक्ता समूहों/मण्डलियों से उनकी मांगों, पानी छोड़ने के समय और आवर्तियों आदि के निर्धारण के लिए नियमित सम्पर्क साधा गया। विस्तार नवाचार व आधुनिकीकरण (ईआरएम) तथा आरआरआर कार्य–कलापों के तहत एसएस विस्तार नहर, एसएसएन नहर, टैंकों को जोड़ने सहित विभिन्न नहरों की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया।

लघु सिंचाई (एमआई) को अधिक महत्व दिया गया क्योंकि यह लागत प्रभावी था और इसका अनुरक्षण सरलतम था। इस लघु सिंचाई (एमआई) को बड़े पैमाने पर शुरू करने के लिए एक विशेष प्रयोजन कम्पनी अर्थात् गुजरात हरित क्रान्ति लि. (गुजरात ग्रीन रिवोल्यूशन लिमिटेड) गठित किया गया। लघु सिंचाई (एमआई) प्रणाली के माध्यम से जल क्षति कम की गई।

प्रशासन ने जल के मौजूदा संसाधनों के अधिकतम प्रयोग के लिए नए जल–स्रोतों का सृजन, पारम्परिक जल स्रोतों (तलछट की सफाई व तालाब गहरा करना आदि) की क्षमता बढ़ाने, लिंक नहरों के निर्माण से वितरण नेटवर्क बढ़ाने, आर्द्रता संरक्षण संवर्धन, बहते पानी के नियंत्रण (रोक बांध, पुश्ता) आदि जैसे कार्यकलाप शुरू किए।

दूरस्थ स्थानों से जल स्रोत की निगरानी के लिए बांधों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। निगरानी व प्रसारण प्रणाली संस्थापित की गई। निगरानी प्रयोजन तथा एसएमएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम के लिए सेटेलाइट इमेजिंग शुरू किए गए। टपका–सिंचाई भूमि की जियाफेंसिंग की गई। एमआईएस आवेदनों पर कार्रवाई की प्रक्रिया के लिए अत्याधुनिक आईटी अनुप्रयोग, सीएमआईएमएस स्थापित किया गया है। किसान अपने आवेदनों का स्तर–वार तथा सरकारी सहायता के दावों के विवरणों का पता लगा सकते हैं। सब्सिडी वितरण की आवृत्ति रोकने के लिए प्रभावी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) तंत्र स्थापित किया गया है।

अन्य स्कीमों के साथ सम्मिलन

खेत–तालाब की गहराई, भूमि विकास/समतल कार्य–कलापों में एमजीएनआरईजीएस के साथ सम्मिलन किया गया।

Awarded District - Banaskantha, Gujarat

Group-3 (Other States)

Background

Banaskantha district's climate is mostly sub-tropical monsoon type. This Northern Gujarat district has two major rivers – Banas and Saraswati. The major tributaries in the region are Sipu, Balaram,Arjuni, Umardashi. The district also has 2 Major dams, Dantiwada and Sipu, 1 Medium dam (Mukteshwar) and 41 minor dams.

Approach Adopted

The district has developed an Agriculture Contingency Plan and a comprehensive District Irrigation Plan (DIP) to ensure convergence of all programmes/ activities for water conservation. Requirement of water for domestic use, crop, irrigation, livestock, industrial purpose has been calculated separately. Detailed year-wise strategic action plan for irrigation of the district has been prepared department-wise and funds have been earmarked.

Renovation, Restoration and Repairing (RRR) of old canal structure during off season was done to minimize loss of water. Regular contact with farmers and user groups/ mandlis was established to assess their demands, time of release of water, frequency, etc. Under the Extension Renovation & Modernisation (ERM) and RRR activities, works of repairing of various canals including SS spreading canal, SSN canal, interlinking of tanks have been undertaken.

Micro Irrigation (MI) was given more thrust as it was cost effective and its maintenance was easier. A special purpose vehicle company viz. Gujarat Green Revolution Ltd. was formed to undertake this MI work on a large scale. Through MI system, loss of water is minimized.

To maximize use of existing resources of water, the administration undertook activities such as creating new water sources, enhancing potential of traditional water bodies (desilting, deepening of ponds etc.), augmenting distribution network by construction of link canals, promoting moisture conservation and controlling run off water (check dams, high bunds), etc.

CCTV cameras were fitted at dams to monitor water level from remote places. Surveillance and broadcasting system were installed. Satellite imaging for monitoring purpose and SMS based tracking system were introduced. Geo fencing of drip irrigation land was done. A state-of-the-art IT application, C-MIMS, has been put in place to process the MIS Application. Farmers can track stage-wise movement of their application and details of claimed Government assistance. Effective IT mechanism is in place to prevent duplication of subsidy disbursement.

Convergence with other Schemes

Convergence with MGNREGS in farm pond deepening, land development/ leveling activities was done.

जागरुकता बढ़ाना

टीवी, रेडियो, समाचारपत्रों तथा विज्ञापन, जैसे – श्रव्य–दृश्य व प्रिण्ट मीडिया के माध्यम से संवर्धनात्मक कार्य–कलाप किए गए। किसानों ने वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन, एग्रीटेक एशिया, कृषि महोत्सवों जैसी क्षेत्रीय/कृषि सम्बन्धी कार्यक्रमों में सक्रियता से भाग लिया। एमआईएस लाभार्थियों की सफलता की गाथाएँ अभिलेखित व संवर्धित की गईं। 'जल–जीवन' नामक द्विमासिक पत्रिका प्रकाशित की गई।

किसानों की क्षमता निर्माण के कार्य–कलापों के उद्देश्यों में एक्सपोज़र दौरे, कृषि मेले, शो, नाट, प्रदर्शनियाँ, जागरुकता अभियान, एनिमेशन फ़िल्म्स, सहभागिता सिंचाई प्रबन्धन (पीआईएम) आदि शामिल हैं।

प्रभाव

इस परियोजना के मुख्य परिणामों का विशेष उल्लेख इस प्रकार है –

- 58,177 हेक्टेयर की लघु सिंचाई के अन्तर्गत कवरेज की वृद्धि के साथ 534 हेक्टेयर तक सिंचाई की सम्भावना में वृद्धि
- स्कीम के अन्तर्गत 33 नई जल–संरचनाएँ सृजित की गईं
- संरचनाओं के आस–पास भू–जल स्तर में 20 फीट तक सुधार हुआ है
- सकल कृषि–क्षेत्र में वृद्धि : 65,000 हेक्टेयर जिसमें 2,500 हेक्टेयर अप्रयुक्त भूमि को कृषि के अन्तर्गत लाया गया
- 3,00,000 टन उत्पादन में वृद्धि। गोचर भूमि में वृद्धि ने भी दुग्ध–उत्पादन के सुधार में सहायता की
- फसल पद्धति अनाज से मूंगफली/आलू/बागवानी फसलों में बदल रही है

Awareness Generation

Promotional activities were done through audio visual and print media such as TV, radio, newspapers and advertisements. Farmers actively participated in regional/ agricultural events like Vibrant Gujarat Summit, Agritech Asia, Krishi Mahotsavs. Success stories of MIS beneficiaries were documented and promoted. A bi-monthly magazine called "Jal Jivan" was published.

Activities aimed at capacity building of farmers included exposure visits, Krishi Melas, shows, dramas, exhibitions, awareness campaigns, animation films, Participatory Irrigation Management (PIM), etc.

Impact

The key outcomes of the initiative are highlighted below:

- Irrigation potential increased by 534 Ha, with increase in coverage under micro-irrigation by 58,177 Ha.
- 33 new water structures were created under the scheme
- The water table has improved by 20 ft. around the structures
- Increase in gross agricultural area: 65,000 Ha, including 2,500 Ha of unused land which was brought under agriculture
- Increased production of 3,00,000 tones. Increased area for fodder has also helped in improved milk production
- There has been a change in cropping pattern – Cereals to Groundnut / Potato/ Horticulture crops

दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना

Deen Dayal Upadhyay Gram Jyoti Yojana

स्कीम का सार - दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना

'दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना' का उद्देश्य ग्रामीण भारत के सभी गांवों के विद्युतीकरण के माध्यम से निरन्तर विद्युत उपलब्ध कराना, किसानों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए फीडर सेपरेशन, अन्य उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति, सब–ट्रांसमिशन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सभी स्तरों पर मीटर लगाने सहित वितरण संरचना सुधारना है।

डीडीयूजीजेवाई गुणवत्ता और आपूर्ति की विश्वसनीयता सुधारेगा तथा बिजली की क्षति कम करने के लिए मीटर लगाएगा। इससे ग्रामीण परिवारों को चौबीस घण्टे तथा कृषि उपभोक्ताओं को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति करने में भी सहायता मिलेगी।

पुरस्कृत जिला - शिवसागर, असम

समूह–1 (पूर्वोत्तर और पर्वतीय राज्य)

पृष्ठभूमि

ऊपरी असम के शिवसागर नगर में 1 अप्रैल, 2015 की स्थिति के अनुसार 145 बिजली रहित गांव तथा 47,803 बिजली रहित संस्वीकृत बीपीएल परिवार थे।

अपनाया गया दृष्टिकोण

इस जिले के अधिकतर गरीबी रेखा से ऊपर (एपीएल) परिवारों में पहले से ही बिजली की सुविधा थी। इसीलिए जिला प्रशासन ने बीपीएल परिवारों को बिजली सुविधा उपलब्ध कराने पर ध्यान केन्द्रित किया। बीपीएल लाभार्थियों, विद्युतीकरण हेतु प्राथमिकता क्षेत्रों तथा मार्गाधिकार से उत्पन्न विवादों के समाधान हेतु स्थानीय ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया।

असम में पांच महीने के वर्षा के मौसम पर विचार करते हुए त्वरित कार्यान्वयन के लिए नवाचारी पद्धतियाँ अपनाई गईं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निर्माण सामग्री पहुँचाने के लिए नाव, बैलगाड़ी आदि का उपयोग किया गया। वर्षा ऋतु के दौरान सामग्री का प्रापण तथा शुष्क मौसम के दौरान निर्माण कार्य किया गया। चोरी और स्राव से बिजली के नुकसान को कम करने के लिए इंसुलेटिड एरियल ब्रांच कण्डक्टर (एबीसी) का उपयोग किया गया। उपभोक्ताओं तथा विद्युत नेटवर्क में प्रदत्त बिजली को मापने के लिए स्थिर विद्युत मीटरों का उपयोग किया गया है। ट्रांसफ़ॉर्मर स्तर पर बिजली की संपरीक्षा और लेखा के लिए वितरण ट्रांसफ़ॉर्मरों (डीटी) पर ही पैमाइश की गई। बीपीएल लाभार्थियों को एलईडी बल्ब उपलब्ध कराए गए।

Brief of the Scheme – Deen Dayal Upadhyay Gram Jyoti Yojana

Deen Dayal Upadhyay Gram Jyoti Yojana (DDUGJY) aims to provide continuous power to rural India through electrification of all villages, feeder separation to ensure sufficient power to farmers and regular supply to other consumers, improvement of sub-transmission and distribution infrastructure including metering at all levels in rural areas.

DDUGJY will improve the quality and reliability of the supply and metering to reduce the losses. This will also help in providing round the clock power to rural households and adequate power to agricultural consumers.

Awarded District - Sivasagar, Assam

Group-1 (NE & Hill States)

Background

Sivasagar, a town in upper Assam, had 145 un-electrified villages and 47,803 un-electrified sanctioned BPL households, as on 1st April 2015.

Approach Adopted

Most of the Above Poverty Line (APL) households were already electrified in the district, thus district administration was focused towards electrification of BPL households. Local Gram Panchayats were involved for identification of BPL beneficiaries, priority areas for electrification and settlement of disputes arising out of right of way.

Considering the rainy season lasts for five months in Assam, innovative methods were adopted for speedy implementation. Boats, bullock carts, etc. were used to carry construction materials in flood affected areas. Material was procured during rainy season and construction work was undertaken during dry season. In order to minimize loss of energy through theft and leakage, insulated Aerial Bunched Conductor (ABC) has been used. Static electronic meters have been used for measuring the power delivered to the consumers and network. Metering was done at Distribution Transformers (DT) for transformer level energy audit and accounting. LED bulbs were provided to BPL beneficiaries.

The project was monitored by Assam Power Distribution Company Limited (APDCL) on a day to day basis. Monthly review meetings were conducted with contractors and senior level functionaries of APDCL to review project progress.

शिकायत निवारण

ग्रामीणों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन – दोनों शिकायत निवारण प्रणालियाँ बनाई गई हैं। ऑनलाइन शिकायतें एपीडीसीएल वेबसाइट पर केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण निगरानी प्रणाली तथा support@apdcl.org पर ई–मेल के ज़रिये दर्ज कराई जा सकती हैं।

त्वरित निपटान हेतु शिकयतें सीधे ही एजीएम (आई–एम) के समक्ष दर्ज कराई जा सकती हैं। क्षतिग्रस्त ट्रांसफ़ॉर्मर वारण्टी अवधि के दौरान ठेकेदारों द्वारा तथा वारण्टी की अवधि के समापन के पश्चात् एपीडीसीएल द्वारा बदलवाए जाते हैं। राजस्व सर्किल अधिकारियों के ज़रिये शिकायतें दर्ज कराने की व्यवस्था भी शुरू की गई।

उप–मंडल स्तर पर शिकायत बूथ उपलब्ध कराए गए तथा टेलीफोन से शिकायतें दर्ज कराने के लिए बिजली बिलों पर टेलीफोन नम्बरों का उल्लेख किया गया। बिजली आपूर्ति सम्बन्धी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रत्येक गांव में लाइनमैन तैनात किए गए हैं।

जागरुकता बढ़ाना

जिला प्रशासन ने इस कार्यक्रम का प्रचार करने के लिए स्थानीय मीडिया, क्षेत्रीय समाचार–पत्र, आधिकारिक कैलेण्डरों का उपयोग किया। जागरुकता कार्यक्रम ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित किए गए। एपीएल उपभोक्ताओं के लिए जिला प्रशासन ने समय–समय पर सेवा कनेक्शन मेले आयोजित किए।

प्रभाव

अप्रैल 2015 से दिसम्बर 2016 तक 135 गांवों का विद्युतीकरण किया गया। सामान्य मौसम के दौरान एक दिन में 24 घण्टे बिजली उपलब्ध कराई गई। वारण्टी अवधि के बाद क्षतिग्रस्त ट्रांसफ़ॉर्मरों और ख़राब मीटरों को एपीडीसीएल द्वारा 7 दिन के अन्दर बदल दिया जाता है। विद्युतीकरण ने व्यावसायिक कार्य–कलापों को बढ़ावा दिया है जिससे छोटे व्यवसाय लम्बे समय तक चलते रहते हैं।

Grievance Redressal

Both online and offline complaint redressal systems have been made operational for the villagers. Online complaints can be made through APDCL website, Centralized Public Grievance Redressal and Monitoring System and by email at support@apdcl.org.

The complaints can also be made directly to the AGM (RE-M) for speedy disposal. Damaged transformers are replaced by contractors during the warranty period and by APDCL after expiry of warranty period. A provision of lodging complaint was also made operational through Revenue Circle Officers.

Complaint booths have been made available at sub-divisional level and telephone numbers are mentioned on electricity bills for lodging complaints telephonically. Linemen have been deployed in each village to address problems related to power supply.

Awareness Generation

District administration used local media, regional newspaper, official calendar, etc. to advertise the programme. Awareness programs were also organized at Gram Panchayat level. For APL customers, service connection melas were organized by district administration from time to time.

Impact

135 villages were electrified between April 2015 and December 2016. Electricity has been made available for 24 hours a day, during normal season. After warranty period, damaged transformers and faulty meters are replaced by APDCL within 7 days. Electrification has given boost to commercial activities by allowing small businesses to operate for long hours.

पुरस्कृत जिला - नालन्दा, बिहार

समूह–3 (अन्य राज्य)

पृष्ठभूमि

बिहार के नालन्दा जिले में 01 अप्रैल, 2015 की स्थिति के अनुसार 12 गांव तथा 3,14,701 संस्वीकृत बीपीएल परिवार बिजली सुविधा रहित थे।

अपनाया गया दृष्टिकोण

डिस्कॉम द्वारा ग्रामीण विकास विभाग की मदद से जिले के हर घर का सर्वेक्षण कराया गया। प्रत्येक घर के साथ–साथ उनके जीआईएस लोकेशन में बिजली कनेक्शन की स्थिति के सर्वेक्षण आंकड़ों की रिकॉर्डिंग के लिए एक एण्ड्रॉयड आधारित एप्लिकेशन विकसित किया गया। क्षेत्रीय स्तर पर कार्यान्वयन और परियोजना कार्य की दिन–प्रतिदिन मॉनीटरिंग के लिए परियोजना प्रबन्धन एजेंसी, लुईस बर्गर की तैनाती के साथ ही समर्पित अधिकारियों का दल गठित किया गया।

सरमेरा, बिंद, अस्थावां, हिलसा व करायपरसुराय जैसे बाढ़ प्रभावित प्रखण्ड बरसात के मौसम से पहले विद्युतीकरण की प्राथमिकता के लिए लक्षित किए गए। दुर्गम क्षेत्रों तक पहुँचने के लिए परिवहन के ग़ैर–पारम्परिक साधन (जैसे नावें, हाथ ठेले आदि) अपनाए गए। मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) से सम्बद्ध मुद्दे स्थानीय परियोजना अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन की सक्रिय सहायता से समयबद्ध आधार पर सुलझा लिए गए।

प्रभावी कार्यान्वयन के लिए स्थानीय बहु नीति हस्तक्षेप शुरू किए गए :

स्थानीय पोल विनिर्माताओं को गुणवत्ता से समझौता किए बिना मानदंडों की अहर्ता में छूट दी गई ।

नवाचारी पद्धतियां

Awarded District - Nalanda, Bihar

Group-3 (Other States)

Background

Nalanda district of Bihar had 12 villages and 3,14,701 sanctioned BPL households, un-electrified, as on 1st April 2015.

Approach Adopted

Survey of each household of the district was done by the DISCOM with the help of Rural Development Department. An android based application was developed for recording survey data capturing status of electricity connection in each household as well as their GIS location. A dedicated team of officers was constituted at field level with deployment of Project Management Agency, Louis Berger for implementation and day to day monitoring of project work.

Flood affected blocks like Sarmera, Bind, Asthwan, Hilsa and Karaiparsura were targeted on priority before rainy season for electrification. Non-conventional modes of transport (such as boats, hand carts, etc.) were adopted for inaccessible areas. Issues related to Right of Way (RoW) were resolved on timely basis by Local Project Officers, along with active support of local administration.

Multiple local level policy interventions were undertaken for effective implementation.

Local pole manufacturers were given relaxation in qualifying criteria without compromising the quality.

Innovative Methods

- ठेकेदारों के लिए नई भुगतान नीति आरम्भ की गई जिससे शुरूआती 118 दिनों की अवधि से भुगतान चक्र में 15 दिन की कमी आई।
- ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आईईसी) की सहमति से मानक बिलिंग दस्तावेज़ (एसबीडी) के सामूहिक दृष्टिकोण (क्लस्टर एप्रोच) पर प्रति गांव भुगतान जारी किया गया।

प्री–डिस्पेच इंस्पेक्शन (पीडीआई) के कारण होने वाले विलम्ब को टालने के लिए आरईसी के अनुमोदन से सामग्रियाँ तीन श्रेणियों नामतः क, ख और ग में वर्गीकृत की गईं। श्रेणी–क के लिए पीडीआई अनिवार्य थी (ट्रांसफ़ॉर्मर, मीटर), श्रेणी–ख (पोल आदि) के लिए पीडीआई नियत समय सीमा परिभाषित की गई तथा श्रेणी –ग (नट, बोल्ट, ढांचे) के लिए किसी पीडीआई की ज़रूरत नहीं थी। समय और मानव श्रम बचाने के लिए खंभे गाड़ने में ट्रेक्टर ड्रिलिंग मशीन काम में ली गई थी। यह पता लगाने के लिए कोई घर विद्युतीकृत होने से रह तो नहीं गया है, सभी बीपीएल परिवारों का सर्वेक्षण करने के लिए एण्ड्रॉयड आधारित एप्लिकेशन का प्रयोग किया गया।

वे गांव जो डीडीयूजीजेवाई के तहत वित्तीय बाधाओं के कारण कवर होने से रह गए थे, उन्हें पिछड़ा अनुदान कोष (बीआरजीएफ) स्कीम के ज़रिये कवर किया गया। राज्य योजना तथा संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास (एमपीएलएडी) स्कीम के अन्तर्गत ख़राब व कम क्षमतावान ट्रांसफ़ॉर्मर बदले गए। बीपीएल, एपीएल तथा अन्य कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए ग्राम स्तर पर पर्याप्त अवसंरचना सृजित की गई। 6 नए पॉवर सिस्टम स्टेब्लाइज़र (पीएसएम) से 60 एमवीए तथा मौजूदा पीएसएस से 25 एमवीए की क्षमता बढ़ाई गई।

डिस्कॉम के अध्यक्ष, प्रबन्ध निदेशक (एमडी), निदेशक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गुणवत्ता व प्रगति की जानकारी लेने तथा मार्गाधिकार आदि का समाधान करने के लिए सघन क्षेत्रीय दौरे किए। परियोजना प्रगति, माइलस्टोन, भुगतान व नीति मामलों आदि की समीक्षा के लिए एमडी/निदेशक स्तर पर स्थानीय परियोजना प्रभारी के साथ साप्ताहिक, अध्यक्ष के स्तर पर कार्यकारी एजेंसियों के एमडी और जिला–दलों के साथ मासिक बैठकें आयोजित की गईं। परियोजना की गुणवत्ता और प्रगति की निगरानी के लिए एक परियोजना मॉनीटरिंग एप्लिकेशन डीसीएनआईएनई भी तैयार किया गया।

शिकायत निवारण

ब्रेकडाउन से सम्बन्धित शिकायतों के निवारण के लिए एक 24X7 जिला ग्राहक सेवा केंद्र शुरू किया गया। शिकायतें डिस्कॉम की वेबसाइट www.sbpdcl.co.in से भी दर्ज कराई जा सकती हैं।

शिकायत निवारण

- A new payment policy was launched for contractors which reduced the payment cycle to 15 days from initial duration of 118 days
- Payment was released per village against the cluster approach of Standard Billing Document (SBD) with consent of Rural Electrification Corporation (REC).

To avoid delay incurred due to Pre-Dispatch Inspection (PDI) materials were classified with approval of REC into three categories namely A, B and C. PDI was mandated for Category A (transformers, meters), fixed time limit PDI defined for Category B (poles, etc.) and no PDI was required for Category C (nut, bolt, structures). To further save time and manpower, tractor drilling machine was used for pole erection. Android based application was used to conduct survey of all BPL households to find out if any household was left un-electrified.

Villages that were left uncovered under DDUGJY, due to fund constraints, were covered through Backward Regions Grant Fund (BRGF) scheme. Defective and lower capacity transformers were replaced under State Plan and Members of Parliament Local Area Development (MPLAD) scheme. Adequate infrastructure was created at village level for providing BPL, APL and other connections. Capacity of 60 MVA was added through six new Power System Stabilizer (PSS) and 25 MVA through existing PSS.

Extensive field visits were undertaken by the Chairman, Managing Director (MD), Director and other senior officers of DISCOM to gather first hand information on quality and progress, provide solution of RoW, etc. Weekly meetings were held at MD/Director level with local project in-charge and monthly meetings at Chairman level with the MDs of the executing agencies and the district teams to review project progress, milestones, payment and policy issues, etc. A project monitoring application DCNINE was also developed for monitoring progress and quality of the project.

Grievance Redressal

A 24x7 district customer care centre has been made operational for redressal of complaints related to breakdowns. Complaints can also be registered through DISCOM's website at www.sbpdcl.co.in.

Grievance Redressal

मीटर, ट्रांसफ़ॉर्मरों और अन्य ब्रेकडाउन की शिकायतें दर्ज कराने के लिए 24X7 टॉल फ्री नम्बर भी शुरू किए गए हैं। मीटर बिलों व अन्य विवादों के निवारण के लिए उप–खण्ड स्तर पर मासिक शिविर आयोजित किए जाते हैं। उप–खण्ड व खण्ड स्तर पर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांस्फ़ार्मर (डीटी) व मीटर बदलने के लिए समर्पित एजेंसियाँ उपलब्ध हैं। स्पॉट बिलिंग सॉफ़्टवेयर के माध्यम से ख़राब मीटरों की पहचान तथा उन्हें बदलने के लिए उपयुक्त कार्रवाई शुरू की जाती है। क्षेत्रीय अधिकारियों के सम्पर्क–विवरण समाचारपत्र में विज्ञापन तथा डिस्कॉम की वेबसाइट के ज़रिये उपलब्ध कराए जाते हैं।

जागरुकता बढ़ाना

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बीपीएल परिवारों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शनों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए दीवारों पर लिखने, पोस्टर और समाचारपत्र में विज्ञापन जैसे अनेक जागरुकता अभियान चलाए गए। जिले में तकनीकी अधिकारियों की ब्लॉक स्तर के स्टाफ़ सहित स्थानीय प्रशासन वाली ब्लॉक स्तरीय समिति ने जागरुकता कार्यालय शुरू किए।

प्रभाव

अप्रैल, 2015 से दिसम्बर, 2016 के बीच 12 गांवों और 98,189 संस्वीकृत बीपीएल परिवारों का विद्युतीकरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 16–18 घण्टे तथा शहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन 23–24 घण्टे बिजली उपलब्ध कराई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घण्टे तथा शहरी क्षेत्र में 24 घण्टे की विशिष्ट समय–सीमा में जला हुआ डीटी बदला जाता है। विद्युतीकरण ने वॉटर पम्पिंग मोटरों, हार्वेस्टर्स आदि जैसे कृषि उपकरणों का प्रयोग भी बढ़ाया है जिसके परिणामस्वरूप डीज़ल सब्सिडी के वितरण में कटौती हुई है। जिले में पर्यटकों के आवागमन और फ़्लोर मिल, बर्फ़ फ़ैक्ट्री, वेल्डिंग की दुकानों आदि जैसे नए लघु उद्योगों में बढ़ोत्तरी हुई है।

A 24x7 toll free number is also operationalized to register complaints regarding meter, transformers and other breakdowns. Monthly camps are organized at sub-division level for redressal of meter billing and other disputes. Dedicated agencies are available for replacement of Distribution Transformers (DT) and meters at sub-division and section level. Defective meters are identified through the spot billing software and suitable action for replacement is undertaken. Contact details of field officers are made available to public through newspaper advertisement and DISCOM's website.

Awareness Generation

Several awareness campaigns such as wall writing, posters and newspaper advertisement were used to impart awareness about free electric connections to BPL households under the programme. Block level committee having technical officers and local administration along with block level staff undertook awareness activities in the district.

Impact

12 villages and 98,189 sanctioned BPL households were electrified between April 2015 and December 2016. Electricity has been made available for 16-18 hours per day in rural areas and 23-24 hours per day in urban areas. A burnt DT is replaced within a specified time limit of 72 hours in rural areas and 24 hours in urban areas. Electrification has also increased use of agriculture equipment such as water pumping motors, harvesters, etc. resulting in reduced distribution of diesel subsidy. District has witnessed increased inflow of tourists and setting up of new small scale industries such as flour mill, ice factory, welding shops, etc.

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana

स्कीम का सार - प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) एक फसल बीमा स्कीम है जिसमें देश के किसानों को कुशल बीमा सहायता की परिकल्पना की गई है।

पीएमएफबीवाई का उद्देश्यः

- आकस्मिक घटनाओं से हुई फसल की क्षति से ग्रस्त किसानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना
- निरन्तर किसानी सुनिश्चित करने के लिए किसानों की आय के स्थिरीकरण
- किसानों को नवाचारी व आधुनिक कृषि सम्बन्धी पद्धतियों को अपनाने के लिए बढ़ावा देते हुए तथा
- कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह सुनिश्चित करते हुए कृषि क्षेत्र में धारणीय उत्पादन के लिए सहायता करना है

प्राथमिकता कार्यक्रम किसानों को उत्पादन के जोखिमों से बचाने के अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा, फसल की विविधता तथा पैदावार और कृषि क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता की भावना बढ़ाने में योगदान करता है।

पुरस्कृत जिला - गोमती, त्रिपुरा

समूह–1 (पूर्वोत्तर और पर्वतीय राज्य)

पृष्ठभूमि

गोमती जिला मौसमी स्थितियों यथा कुछ निचले इलाकों में बाढ़ तथा कुछ ऊँचे इलाकों में जल के अभाव के प्रति अति संवेदनशील है। गोमती जिले के ग़ैर–ऋणी किसानों की संख्या लगभग 97% है तथा खरीफ़ और रबी – दोनों मौसमों की मुख्य फसल धान है। धान की फसल का नुकसान एक नियमित घटना नहीं है तथापि बाढ़ और सूखे के जोखिम के कारण किसानों के मन में भय बना रहता है।

अपनाया गया दृष्टिकोण

जिला प्रशासन ने 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारण्टी अधिनियम' और जन–धन खाते के ज़रिये अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लाभार्थियों की जन भागीदारी पर विशेष ज़ोर दिया। जिला प्रशासन ने 'त्रिपुरा ग्रामीण जीविका मिशन' (टीआरएलएम) के कलस्टर समन्वय के ज़रिये ज़मीनी स्तर पर जागरुकता फैलाने के लिए स्व–सेवा समूह (एसएचजी) के महिला सदस्यों से सम्पर्क किया। इस स्कीम को मज़बूती प्रदान करने के भाग के तौर पर किसान क्लबों, सामान्य हित समूह (सीआईजी) और किसान हित समूह (एफआईजी) की सहभागिता कराई गई।

जागरुकता बढ़ाना

जिला प्रशासन द्वारा जागरुकता बढ़ाने के लिए किए गए कतिपय पहल का नीचे विशेष उल्लेख इस प्रकार है –

- ज़मीनी स्तर (ग्राम स्तर कार्यकर्ता–वीएलडब्ल्यू) से आरम्भ करके जिला मजिस्ट्रेट स्तर तक अधिकारियों/कर्मचारियों का एक पिरामिड बनाया गया। प्रथा के अनुसार, ग्राम स्तर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को अपनाने हेतु प्रेरित करने तथा जागरुकता बढ़ाने के लिए अल्प अन्तरालों में किसानों के साथ नियमित चर्चाएँ आयोजित की गईं।

Brief of the Scheme: PMFBY

Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY) is a crop insurance scheme which envisages an efficient insurance support for farmers of the country.

PMFBY aims at supporting sustainable production in agriculture sector by

- Providing financial support to farmers suffering crop loss/damage arising out of unforeseen events
- Stabilizing the income of farmers to ensure their continuance in farming
- Encouraging farmers to adopt innovative and modern agricultural practices
- Ensuring flow of credit to the agriculture sector

The priority programme contributes to food security, crop diversification and enhancing growth and competitiveness of agriculture sector besides protecting farmers from production risks.

Awarded District - Gomati, Tripura

Group-1 (NE & Hill States)

Background

Gomati district is very vulnerable to weather conditions, being prone to floods in certain low lying areas and shortage of water in certain upper areas. The number of non-loanee farmers in the Gomati District is approximately 97% and the main crop for both seasons Kharif and Rabi is paddy. The cycle of certain loss of paddy crop is not a regular phenomenon, however the fear of same remains in farmers mind due to the risk of flood and drought.

Approach Adopted

District Administration laid emphasis on mass involvement of SC, ST beneficiaries through MG-NREGA work site and Jan Dhan Bank accounts. District administration reached out to female members of Self Help Groups (SHGs) to spread awareness to the grass root level though cluster coordination of Tripura Rural Livelihood Mission (TRLM) Scheme. The involvement of farmers club, Common Interest Groups (CIGs) and Farmer Interest Groups (FIGs) was done as a part of the implantation of the scheme.

Awareness Generation

Some of the initiatives taken by district administration to raise awareness are highlighted below:

- A pyramid of officials was established beginning from the grass root level (Village Level Worker - VLW) to DM level. As a practice, the village level workers organized regular discussions with farmers at short intervals to motivate and create awareness for adopting the PMFBY Scheme.

प्रचार अभियान और जागरूकता कार्यक्रम

- जागरुकता बढ़ाने के लिए विशेष विधियाँ, जैसे – जिला और राज्य पोर्टल तथा सचल वाहनों का उपयोग किया गया (एम–किसान पोर्टल)
- जिला प्रशासन द्वारा इस स्कीम के कवरेज को बढ़ाने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों, बैंकरों तथा पीआरआई निकायों के साथ अनेक बैठकें की गईं
- जिले में अधिकतम पहुँच हेतु स्थानीय भाषा का प्रयोग करते हुए प्रिण्ट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का उपयोग
- प्रशासन ने व्यापक प्रचार के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जल प्रयोक्ता संघों (डब्ल्यूयूए) तथा वॉटरशेड समितियों (डब्ल्यूसी) का उपयोग किया

निगरानी

- जिला प्रशासन द्वारा 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' स्कीम के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी और समीक्षा की गई। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' स्कीम की नियमित मॉनीटरिंग और कार्यान्वयन के लिए जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलएमसी का गठन किया गया जिसमें उप निदेशक, कृषि, गोमती जिला सदस्य–सचिव थे। इसके अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर की अध्यक्षता में कृषि विभाग के अधिकारियों, बैंकरों तथा पीआरआई निकायों के साथ विशेष बैठकें की गईं जिनमें बीमा प्रायोजन के लिए फसल–वार लक्ष्य निर्धारित किए गए। पंचायत और एडीसी गांव में इस स्कीम के कार्यान्वयन की प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए पाक्षिक आधार पर शिविर आयोजित किए जाते हैं।

प्रभाव

इस परियोजना के मुख्य परिणामों का विशेष उल्लेख इस प्रकार है–

- खरीफ़ 2016 के लिए इस स्कीम के अन्तर्गत 182 किसानों का बीमा किया गया जिसमें 54% ग़ैर–ऋणी किसान हैं। कुल 21,257 हेक्टेयर फसली क्षेत्र में से बीमाकृत क्षेत्र का कुल कवरेज 76 हेक्टेयर है
- रबी 2016 के लिए इस स्कीम के अन्तर्गत 3964 किसानों का बीमा किया गया जिसमें से 97% ग़ैर–ऋणी किसान हैं। कुल 18,782 हेक्टेयर फसली क्षेत्र में से बीमाकृत क्षेत्र का कुल कवरेज 622 हेक्टेयर है

Publicity Campaign & Awareness Programme

- Special modes such as district and state portal and mobile vans were used to generate awareness (m-Kisan portal).
- District administration organized several meetings with officials of Agriculture Department, Bankers and PRT bodies to increase the coverage of the scheme.
- Usage of Print & electronic media using in local language for maximum reach out in the District.
- Water User associations (WUA) and Watershed committees (WC) at the Gram panchayat level were used for mass publicity by the administration.

Monitoring

- The implementation of the PMFBY scheme was monitored and reviewed regularly by district administration. The DLMC, headed by the District Magistrate and Collector and the Deputy Director of Agriculture, Gomati district as the Member Secretary, was constituted for regular monitoring and implementation of the PMFBY schemes. Furthermore, special meeting with the Officials of Agriculture department, bankers and PRI bodies was held under the chairmanship of the DM & Collector wherein crop wise targets for sponsoring insurance was determined. On fortnight basis a camp is organized to evaluate the progress in implementation of the scheme in Panchayat and ADC Village.

Impact

The key outcomes of the project are highlighted below:

- For Kharif 2016, 182 farmers were insured under the scheme, of which 54% are non-loanee farmers. Total coverage of insured area is 76 Ha, out of total cropped area of 21,257 Ha.
- For Rabi 2016, 3964 farmers were insured under the scheme, of which 97% are non-loanee farmers. Total coverage of insured area is 622 Ha, out of total cropped area of 18,782 Ha.

पुरस्कृत जिला - जालना, महाराष्ट्र

समूह–3 (अन्य राज्य)

पृष्ठभूमि

जालना जिला मध्य महाराष्ट्र में अवस्थित है। इसका भौगोलिक क्षेत्र 7.72 लाख हेक्टेयर है जिसमें से 6.76 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य क्षेत्र है। इस जिले की जलवायु उपोष्ण कटिबंधीय है जिसमें जून से सितम्बर के मध्य दक्षिण–पश्चिम मानसून की भारी वर्षा होती है। इस जिले की वार्षिक औसत वर्षा 688.3 मि.मी. है। अनेक बार इस जिले को 440 मि.मी. से 450 मि.मी. तक न्यूनतम वर्षा के साथ सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ता है।

अपनाया गया दृष्टिकोण

भारत सरकार और राज्यों के विभिन्न मौजूदा स्कीमों और प्रशिक्षणों के अन्तर्गत 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' की सूचना का प्रसार किया गया। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के लिए जन–धन खातों का उपयोग किया गया। जून 2016 में फसल बीमा के तहत किसानों को क्षतिपूर्ति वितरित की गई। क्षतिपूर्ति के समय पर वितरण की किसानों ने सराहना की तथा उन्हें खरीफ़ 2016 में फसल के लिए इनपुट्स की खरीद और व्यय में सहायता मिली। सभी स्टेक धारकों, जैसे – विभागों, बैंक अधिकारियों, किसान नेताओं तथा ग्राम, ब्लॉक तथा जिला स्तर पर किसानों के लिए प्रशिक्षण और संवाद बैठकें आयोजित की गईं। किसानों की और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग़ैर–अधिकारी गणों, जैसे – सांसदों, जिले के संरक्षक मंत्री, विधायक, जिला परिषद सदस्यों को प्रशिक्षण में शामिल किया गया।

प्रौद्योगिकी सक्षमता

